नियुक्ति हेतु विस्तृत विज्ञापन

राज्यपाल सचिवालय अंतर्गत संविदा के आधार पर रोकड़पाल के पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पद पर अर्हताधारी इच्छुक आवेदक राजभवन, झारखण्ड, राँची के **Website (www.rajbhavanjharkhand.nic.in)** से आवेदन पत्र की प्रति download कर उसे भरते हुए आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व राज्यपाल सचिवालय, झारखण्ड, राँची को Offline माध्यम से समर्पित करेगें। अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

2. संविदा आधारित नियुक्ति हेतु पद की विवरणी –

क्र0 सं0	विभाग / कार्यालय	पदनाम	वेतनमान	आरक्षण कोटि	पद की संख्या
01	राज्यपाल सचिवालय, झारखण्ड, राँची	रोकड़पाल	लेवल–5	अनारक्षित (UR)	01

3. पद पर नियुक्ति हेतु अर्हता एंव सेवा शर्त्त –

i) इस पद पर सेवानिवृत सरकारी कर्मी की नियुक्ति संविदा के आधार पर की जायेगी।

ii) सेवानिवृत सरकारी कर्मी अपने सेवाकाल में रोकड़पाल एवं समकक्ष पद पर कार्य कर चुके हो। अपने सरकारी सेवाकाल में अन्य पद धारण करते हुए रोकड़पाल का कार्य अनुभव रखने वाले सेवानिवृत सरकारी कर्मी भी इस पद पर आवेदन कर सकते हैं।

iii) सेवानिवृत सरकारी कर्मी के मानदेय / पारिश्रमिक का भुगतान वित्त विभागीय संकल्प संख्या–928 / वि0, दिनांक–06.04.2022 तथा समय–समय पर वित्त विभाग द्वारा निर्गत संकल्प / परिपत्र के आलोक में किया जायेगा।

iv) सेवानिवृत सरकारी कर्मी के लिए इस पद पर आवेदन करने हेतु अधिकतम आयु सीमा–63 वर्ष होगी। आवेदन करने की तिथि को आयु की गणना हेतु कट–ऑफ तिथि मानी जायेगी।

4. संविदा पर नियुक्ति की शर्त्ते :–

i) संविदा के आधार पर नियुक्ति 01 वर्ष के लिए की जायेगी। एक वर्ष के पश्चात् कार्यरत कर्मी के कार्य मूल्यांकन के आधार पर आवश्यकतानुसार उनकी सेवा अवधि एक–एक वर्ष के लिए (65 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक) विस्तारित की जा सकेगी।

ii) उपर्युक्त पद पर कार्यरत कर्मी का कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर उक्त कर्मी का अनुबंध किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

iii) राज्यपाल सचिवालय आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्त्तों में संशोधन कर सकता है।

iv) संविदा पर नियुक्त कर्मी को कैलेण्डर वर्ष के लिए राज्य कर्मियों के अनुसार आकस्मिक अवकाश (CL) देय होगा, परन्तु वे किसी अन्य अवकाश के हकदार नहीं होगें।

5. चयन का मापदण्ड एवं प्रक्रिया :–

i) वैसे अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र होगें जो कंडिका – 3 में उल्लेखित योग्यता धारित करते हो।

ii) आवेदन प्राप्त होने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों की Scrutiny कार्यालय द्वारा की जायेगी, जिसके उपरांत साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को Shortlist किया जायेगा।

iii) चयन समिति द्वारा Shortlisted अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। उक्त साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थी के नियुक्ति की अनुशंसा की जायेगी।

6. आवेदन की प्रक्रिया :–

i) इच्छुक उम्मीदवार राजभवन, झारखण्ड, राँची के Website (www.rajbhavanjharkhand.nic.in) से आवेदन हेतु विहित प्रपत्र की प्रति download करेगें। आवेदक विहित प्रपत्र को भरकर आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व राज्यपाल सचिवालय, चतुर्थ तल, सूचना भवन, राँची को समर्पित करेगें।

ii) आवेदक विहित प्रपत्र को स्वयं भी टंकित करा कर भर सकते हैं।

iii) आवेदक आवेदन पत्र के साथ मैट्रिकुलेशन प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता, अन्य योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र तथा PPO की स्वअभिप्राणित छायाप्रति संलग्न करेगें।

iv) आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि **24.06.2024** होगी।

7. अन्यान्य :–

i) चयन प्रक्रिया के दौरान अनजाने में किसी भी प्रकार की हुई त्रुटि के मामले में, जो नियुक्ति पत्र जारी करने के पश्चात भी किसी भी चरण में कार्यालय के संज्ञान में आता है, तो अभ्यर्थी के चयन को संशोधित करने, वापस लेने अथवा रद्द करने का अधिकार राज्यपाल सचिवालय के पास सुरक्षित होगा।

ii) चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता की स्थिति में राज्यपाल सचिवालय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

iii) आवेदनो की छँटनी, चयन एवं साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाये जाने के कारणों के बारे में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा।

iv) राज्यपाल सचिवालय के पास पदों की संख्या बढ़ाने, घटाने एवं आवश्यकतानुसार विज्ञापित रिक्ति को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

v) साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को कोई TA/DA अनुमान्य नहीं होगा।

vi) आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती हैं कि वे अंतिम तिथि के पूर्व ससमय आवेदन समर्पित कर लें।

14/06/2024

(सागर कुमार)
उप सचिव,
राज्यपाल सचिवालय, झारखण्ड, राँची।

रोकड़पाल के पद पर आवेदन हेतु विहित प्रपत्र

1. आवेदक का नाम –
2. लिंग –
3. पिता/पति का नाम –
4. जन्म तिथि –
5. पहचान चिन्ह –
6. स्थाई पता –
7. पत्राचार का पता–
8. मोबाईल नं0–
9. ई–मेल आई0डी0 –
10. शैक्षणिक योग्यता –
11. सेवानिवृत्ति के पूर्व धारित पद एवं सेवा –
12. सेवानिवृत्ति के पूर्व कार्यरत विभाग/कार्यालय की विवरणी –
13. कार्य अनुभव –
14. सेवाकाल में विभागीय कार्यवाही/दण्ड/निगरानी संबंधी कारवाई की स्थिति (हाँ/नहीं) – (अगर हाँ तो उसकी विवरणी)

पासपोर्ट साईज फोटो

तिथि –
स्थान –

आवेदक का हस्ताक्षर

घोषणा

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध किसी भी थाना में कोई काण्ड दर्ज नहीं है एवं ना ही किसी फौजदारी के मामले में मैं दण्डित हूँ।

उपर्युक्त सभी सूचनाएँ मेरी जानकारी में सही है, किसी भी स्तर पर कोई सूचना गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर